# विनेश ने कुश्ती को कहा अलविदा

# मां, कुश्ती मुझसे जीत गई, मैं हार गई

एजेंसी/पेरिस। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक 2024 में फाइनल मुकाबले के लिए अयोग्य ठहराए जाने के बाद गुरुवार को कुश्ती को अलविदा कह दिया। निराश विनेश ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा की। उन्होंने कहा वह अब हमेशा के लिए कुश्ती छोड़ रही हैं।

## विनेश एक चैंपियन है और उसे हरियाणा में सभी सम्मान मिलेंगे: सैनी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को कहा कि हरियाणा के लिए महिला पहलवान विनेश फोगाट एक चैंपियन है और राज्य सरकार उन्हें ओलम्पिक मे रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी की तरह सभी सम्मान, सुविधा और पुरस्कार देगी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि हरियाणा की हमारी बहादुर बेटी विनेश फौगाट ने जबरदस्त प्रदर्शन करके ओलंपिक में फाइनल में प्रवेश किया था।



मां, कुश्ती मुझसे जीत गई, मैं हार गई। आपके सपने और मेरी हिम्मत टूट गई है। मुझमें अब और आगे बढ़ने की ताकत नहीं है। अलविदा कुश्ती 2001-2024। मैं हमेशा आप सभी की ऋणी रहूंगी। माफी।

विनेश फोगाट, रेसलर

(अपनी मां प्रेमलता को संबोधित करते हुए लिखा)

# प्रदेशभर के 500 सरकारी कॉलेजों में प्रवेश की पहल, श्रेणीवार रिक्त सीटों पर पुनः आवेदन का अवसर

## शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एडमिकशन का अंतिम मौका




**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** प्रदेशभर के 500 सरकारी कॉलेजों में प्रवेश की पहल चल रही है। इस दौरान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एडमिशन के लिए श्रेणीवार रिक्त सीटों पर पुनः आवेदन का अवसर राज्य सरकार ने दिया है, जिसमें आवेदन के बाद भी यदि कोई आरक्षित श्रेणी में सीटे खाली रहती है तो सामान्य श्रेणी के विद्यार्थियों से भरी जाएगी। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय, जयपुर ने इसको लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए है। वहीं, प्रदेश भर के लगभग 500 सरकारी महाविद्यालयों में बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की प्रवेश सूची जारी की गई है। यदि आरक्षित श्रेणियों (एससी, एसटी, ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस और पीएच) में सीटें रिक्त रहती हैं, तो इन श्रेणियों के विद्यार्थियों को एक और अवसर प्रदान किया जाएगा। यदि इस अवसर का उपयोग नहीं किया गया, तो रिक्त सीटों को सामान्य श्रेणी के विद्यार्थियों से भरा जाएगा।

## आरबीआई ने की घोषणा

# अब यूपीआई से पांच लाख रुपए तक के कर का होगा भुगतान

**एजेंसी/मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) से लेनदेन को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए यूपीआई के जरिये कर भुगतान करने की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दी है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की और कहा कि यूपीआई अपनी खासियतों के कारण भुगतान का सबसे पसंदीदा तरीका बन गया है। दास ने कहा कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर भुगतान आम, नियमित और उच्च मूल्य के हैं।इसलिए, यूपीआई के माध्यम से कर भुगतान की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपए प्रति लेनदेन करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आवश्यक निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि यूपीआई से लेनदेन करने वाले ग्राहकों की संख्या 42.4 करोड़ पर पहुंच गई है। साथ ही यूपीआई से लेनदेन करने वालों की संख्या में और बढ़ोतरी होने की पूरी संभावना है। ऐसे में यूपीआई में 'प्रत्यायोजित भुगतान' शुरू करने का प्रस्ताव है।



## अब कुछ घंटों में क्लियर होंगे चेक

दास ने बताया कि चेक ट्रंकेशन प्रणाली (सीटीएस) वर्तमान में दो कार्य दिवसों तक के समाशोधन के साथ चेक क्लियर करता है। चेक क्लीयरेंस की दक्षता में सुधार करने और प्रतिभागियों के लिए निपटान जोखिम को कम करने तथा ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बैच प्रोसेसिंग के वर्तमान दृष्टिकोण से सीटीएस को 'ऑन-रियलाइजेशन-सेटलमेंट' के साथ निरंतर क्लीयरेंस में बदलने का प्रस्ताव है। इसके तहत चेक को कुछ ही घंटों में स्कैन, प्रस्तुत और पास किया जाएगा तथा यह कार्य कारोबारी घंटों के दौरान निरंतर आधार पर किया जाएगा। समाशोधन चक्र वर्तमान टी+1 दिनों से घटकर कुछ घंटों का रह जाएगा।

## अब 15 दिन पर देनी होगी कर्ज लेने वाले ग्राहकों की ऋण सूचना

आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली को और पारदर्शी बनाने एवं ग्राहकों की सुविधाओं का विस्तार करने की अपनी प्रतिबद्धता की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए बैंकों या ऋण संस्थाओं को कर्ज लेने वाले ग्राहकों के ऋण की सूचना अब प्रत्येक पंद्रह दिन या उससे भी कम अंतराल पर देने का निर्देश दिया है।

## बाजार में 581.79 अंकों की गिरावट

**मुंबई।** आरबीआई के नीतिगत दरों को लगातार नौवीं बार यथावत रखने से उतार-चढ़ाव से गुजरकर कारोबार के अंत में निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार पिछले दिवस की तेजी गंवाकर गुरुवार को आधी फीसदी से अधिक गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 581.79 अंक लुढ़ककर 78,886.22 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी 180.50 अंक की गिरावट लेकर 24,117.00 अंक पर आ गया।

**सीएसएबी काउंसलिंग**

# फाइनल प्रवेश की फिजिकल रिपोर्टिंग दस से

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** देश की एनआईटी, ट्रिपलआईटी एवं जीएफटीआई के कॉलेजों की 13,466 खाली सीटों के लिए करवाई जा रही सीएसएबी स्पेशल काउंसलिंग जारी है। इस काउंसलिंग के दूसरे राउण्ड का सीट आवंटन 10 अगस्त को जारी होगा। बड़ी संख्या में विधार्थियों ने अपनी आवंटित सीट से संतुष्ट न होने पर सीट सरेंडर की है। साथ ही प्रथम सीट आवंटन में हजारों विद्यार्थियों को कोई नई सीट ना मिलने पर जोसा कॉउंसलिंग की मिली सीट ही पुनः आवंटित कर दी गई है।

**द्वितीय राउण्ड का सीट आवंटन 10 को**

**यह रहेगी एनआईटी-ट्रिपलआईटी की फाइनल प्रवेश प्रक्रिया :** सीएसएबी काउंसलिंग के दूसरे राउंड में विद्यार्थियों को जिन एनआईटी-ट्रिपलआईटी का आवंटन होगा उन्हे उस आवंटित कॉलेजो में 10 से 14 अगस्त के मध्य कॉलेज में फाइनल प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए फिजिकल रिपोर्टिंग करनी होगी। साथ ही जोसा में मिली सीट सिक्योर करने वाले विद्यार्थियों को यदि सीएसएबी काउंसलिंग में किसी नए कॉलेज का आवंटन नहीं होता है तो इनकी जोसा में मिली सीट ही पुनः आवंटित हो जाएगी। इन विद्यार्थियों की जोसा एवं सीएसएबी काउंसलिंग के दौरान जमा कराई गई सीटअसेप्टेंस फीस, आंशिक प्रवेश फीस एवं इंस्टीट्यूट एडमिशन फीस कॉलेजों की फीस में समायोजित कर दी जाएगी।

# पढ़ने की आदत विकसित करेगा राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय एप

## सीबीएसई ने संबद्ध स्कूलों से उपयोग के लिए कहा

कासं/अजमेर।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने संबद्ध स्कूलों के प्रधानों को उनके शिक्षकों और विद्यार्थियों को डिजिटल पुस्तकों तक पहुंच के साथ पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए राष्ट्रीय ई पुस्तकालय एप का उपयोग करने को कहा है। बोर्ड की अकादमिक डायरेक्टर डॉ.प्रभा एम सिंह ने स्कूल प्रधानों से कहा है कि राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय, बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल है। जिसका उद्देश्य विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, भाषाओं, शैलियों और शैक्षिक स्तरों के बच्चों और किशोरों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली पुस्तकों तक मुफ्त पहुंच प्रदान करना है।

### एंड्राइड और आईओएस प्लेटफार्म पर उपलब्ध

यह एप्लीकेशन एंड्राइड और आईओएस प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। यह छात्रों, लाइब्रेरियन और शिक्षकों के लिए एक डिजिटल टूलकिट है। यह एप आयु समूह 3-8, 8-11, 11-14 व 14-16 में वर्गीकृत हजारों पुस्तकें प्रदान करता है। जिसमें आयु के अनुसार कहानियां, आत्मकथाएं, क्लासिक्स, विज्ञान कथाएं, उपन्यास आदि शामिल हैं। इसमें डिजिटल रीडर्स क्लब और इंटरेक्टिव सत्र बनाने और पाठकों की प्रगति की निगरानी करने के प्रावधान भी हैं।

### संचार टीमें करेंगी मदद

स्कूलों को इस एप्लीकेशन को अपनाने में मदद करने के लिए, राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय की संचार टीम स्कूलों के लिए ऑनलाइन और व्यक्तिगत रूप से इंटरेक्टिव सत्र आयोजित करेंगी। बोर्ड ने स्कूलों से कहा है कि स्कूलें इस एप से संबंधित इंटरेक्टिव सत्रों और कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए एक नोडल अधिकारी को नामित कर सकते हैं। अपने स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच इस एप के संबंध में जानकारी प्रसारित करें। जिससे कि उनकी हजारों निःशुल्क डिजिटल पुस्तकों तक पहुंच के साथ पढ़ने की आदत विकसित हो सके। इससे पढ़े लिखे लोगों की एक पीढ़ी तैयार करने में मदद मिलेगी।

# अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन आज व कल

**कासं/अजमेर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की पूरक परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थी 9 व 10 अगस्त को अपने अंकों के सत्यापन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए प्रति विषय 5 सौ रुपए शुल्क देय होगा। अंकों का सत्यापन करने वाले विद्यार्थी 16 अगस्त को उत्तरपुस्तिका की फोटो कॉपी लेने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसी तरह उत्तरपुस्तिका की फोटोकॉपी लेने वाले विद्यार्थी 20 अगस्त को पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। प्रति प्रश्न सौ रुपए का शुल्क देय होगा। थ्योरी पार्ट में ही पुनर्मूल्यांकन कराया जा सकेगा।

### उत्तरपुस्तिका की फोटोकॉपी के लिए 13 को आवेदन

इधर, 12वीं की पूरक परीक्षा के परिणाम से नाखुश ऐसे विद्यार्थी जो पूर्व में अपने अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन कर चुके हैं, वे 13 अगस्त को उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी तथा 17 अगस्त को पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि अगस्त की शुरुआत में ही बोर्ड ने दोनों कक्षाओं की पूरक परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया था।

# आयोग ने जारी की हिन्दी विषय के साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची



कासं/अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के हिन्दी विषय के साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची गुरुवार को वेबसाइट पर जारी कर दी। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि हिन्दी विषय के 1612 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया है। इस विषय की परीक्षा के प्रश्नपत्र प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षाओं का आयोजन 17 मार्च तथा प्रश्नपत्र तृतीय की परीक्षा का आयोजन 7 जनवरी को किया गया था। साक्षात्कार के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित किए गए अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा। इसे भरकर मय सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण-पत्रों की फोटोकॉपी के साथ 23 अगस्त को शाम 6 बजे तक आयोग कार्यालय में भिजवाना है। अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच विज्ञापन की शर्तों के अनुसार की जाएगी। पात्र पाए गए अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। साक्षात्कार की तिथि के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को अवगत करवा दिया जाएगा।

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के सिलेबस जारी

अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने गुरुवार को 3 विभिन्न परीक्षाओं के सिलेबस आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि कनिष्ठ रसायनज्ञ (भू-जल विभाग) प्रतियोगिता परीक्षा-2024, भूविज्ञानिक (खान एवं भूविज्ञान विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 तथा सहायक खनिज अभियंता (खान एवं भूविज्ञान विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 का पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित कर दिया गया है।

दैनिक भास्कर
चिड़ावा भास्कर 09-08-2024

# प्री-बीपीएड की 2 हजार सीटों के लिए 3 चरणों में होगी चयन प्रक्रिया

झुंझुनूं | प्री-बीपीएड में अभ्यर्थियों को इस बार लिखित परीक्षा पास करनी होगी। पिछले वर्ष तक केवल शारीरिक दक्षता के आधार पर ही दाखिला मिलता था। इस वर्ष एडमिशन के लिए तीन चरण होंगे। परीक्षा वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा कराएगी। आवेदन की अंतिम तारीख 10 अगस्त है। दो हजार सीटों पर प्रवेश के लिए 100 अंक का पेपर होगा। इसमें 100 मल्टीपल चॉइस प्रश्नों को 90 मिनट में सॉल्व करना होगा। यह परीक्षा अजमेर, जयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर व भरतपुर में कराई जाएगी। फिजिकल टेस्ट के लिए कोटा और उदयपुर में व्यवस्था कराई है। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट में शामिल होने से पहले 5 हजार की फीस देकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

दैनिक भास्कर

भीलवाड़ा जिला 09-08-2024

# सरकारी कॉलेजों में रिक्त सीटों पर 16 तक फिर आवेदन मांगे, 20 को जारी होगी लिस्ट

## सामान्य वर्ग की सभी सीटें फुल

भास्कर संवाददाता | भीलवाड़ा

सरकारी कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में एडमिशन की पहली लिस्ट जारी होने के बाद खाली रही रिजर्व कैटेगरी की सीटों के लिए 16 अगस्त तक आवेदन मांगे हैं। एमएलवी कॉलेज और सेमुमा गर्ल्स कॉलेज सहित जिले के सभी सरकारी कॉलेजों में रिक्त रही श्रेणियों की लिस्ट 20 अगस्त को जारी की जाएगी। मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची में आने वाले 21 से 24 अगस्त तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करवाकर फीस जमा करा सकेंगे। 28 अगस्त को प्रवेशित सूची का प्रकाशन होगा। पहली लिस्ट के विद्यार्थियों की कक्षाएं 12 अगस्त सोमवार से शुरू होगी।

## सेमुमा गर्ल्स कॉलेज में सभी संकायों में सीटें रिक्त, एमएलवी में बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स, बीएससी मैथ्स व बीकॉम में सभी सीटें खाली



**एमएलवी कॉलेज :** एमएलवी कॉलेज में बीए ऑनर्स भूगोल में ईडब्ल्यूएस, एससी-एसटी और एमबीसी, बीएससी बायोलॉजी में एसटी और एमबीसी, बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स में सभी श्रेणियों में, बीएससी मैथ्स में सभी श्रेणियों में, बीकॉम में भी सभी श्रेणियों में और बीए पार्ट वन में ईडब्ल्यूएस और एसटी श्रेणी में सीटें रिक्त रह गई।



**सेमुमा गर्ल्स कॉलेज :** सेमुमा गर्ल्स कॉलेज में सभी संकायों कला, वाणिज्य, जीवविज्ञान, गणित तथा गृह विज्ञान में स्थान रिक्त रहने से फिर से आवेदन मांगे हैं। बीएससी गृहविज्ञान, बीएससी गणित, बीकॉम प्रथम वर्ष में सभी श्रेणी वर्गों में स्थान रिक्त हैं, वहीं कला तथा जीव विज्ञान संकाय में प्रथम वर्ष में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सर्वाधिक पिछड़ा वर्ग, एमबीसी तथा आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग में स्थान रिक्त हैं। राजकीय महाविद्यालय हमीरगढ़ में सभी श्रेणी वर्गों में तथा कैलाश त्रिवेदी राजकीय कन्या महाविद्यालय गंगापुर में स्नातक प्रथम वर्ष के लिए कला संकाय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सर्वाधिक पिछड़ा वर्ग एमबीसी तथा आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग में स्थान रिक्त हैं।

दैनिक भास्कर

चिड़ावा भास्कर 09-08-2024

**खाद्य सुरक्षा •** योजना में नाम जोड़ने के लिए दो चरणों में पूरी की जाएगी प्रक्रिया, एसडीएम होंगे प्राधिकृत अधिकारी

# नए नाम जोड़ने के आवेदनों का निस्तारण शुरू, पहले 11 श्रेणियों को तवज्जो

भास्कर संवाददाता | झुंझुनूं

खाद्य सुरक्षा योजना में नए नाम जोड़ने को लेकर खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग ने निर्देश जारी कर दिए। जिसके बाद गुरूवार से मिले आवेदनों के निस्तारण का काम शुरू कर दिया गया हैं। आवेदनों में से नए नाम जोड़ने के लिए दो चरणों की प्रक्रिया तय की गई हैं तथा इसके लिए उपखंड अधिकारियों को अधिकृत किया गया हैं। इसके साथ रसद विभाग ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के 11-11 प्राथमिकताएं तय की हैं। जिनके आधार पर नए नाम जुड़ेंगे। तय समय सीमा में इन आवेदनों का निपटारा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। निस्तारण के कार्य को लेकर कलेक्टर मॉनिटरिंग करेंगे और इसमें वे एडीएम व परिषद सीईओ का सहयोग ले सकते हैं। इससे पूर्व रसद विभाग ने एनएफएसए में शामिल परिवार की बेटियों के खाद्य सुरक्षा परिवार में विवाह होने पर नाम जोड़ने के निर्देश दिए थे। अब पात्र परिवारों के 0-18 साल तक के बच्चों के नाम भी जोड़ने के निर्देश दे दिए हैं।

**पहले 2022 तक जिले में जुड़े थे 40670 के नए नाम**

सरकारी योजनाओं के लाभ मिलने के कारण खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल होने के लिए काफी आवेदन होते हैं। जिले में 2020 से 2022 के बीच 40670 लोगो को योजना में जोड़ा गया था। खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र व्यक्तियों के नए नाम जोड़ने के लिए पोर्टल 1 अप्रैल 2022 से 30 अप्रैल 2022 तथा उसके बाद 13 मई 2022 को मध्यरात्रि से 28 मई 2022 मध्यरात्रि तक खोला गया था।

## प्राथमिकता: अंत्योदय, बीपीएल, व एकल महिला के आवेदन का पहले निस्तारण

खाद्य सुरक्षा योजना में नए सदस्य के आवेदन के निस्तारण को लेकर रसद विभाग प्रक्रिया तय कर दी हैं। पहले चरण में प्राथमिकता से पहले पाओ पहले पाओ के आधार पर 27 मई 2020 को जारी अधिसूचना के आधार पर करेंगे। इसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कैटेगरी तय कर की गई हैं। जिनमें अंत्योदय, बीपीएल परिवार, एकल महिला, कचरा बीनने वाले परिवार, कुष्ठ रोगी व रोग मुक्त, आस्था कार्डधारी, सिलिकोसिस पीड़ित, मल्टीपल डिसेबिलिटी वाले दिव्यांग, मंदबुद्धि, पालनहार लाभार्थी बच्चे, पालनहार परिवार, निसंतान वृद्ध दंपत्ति, केवल

### जांच: आक्षेप दूर करने के लिए मिलेंगे 30 दिन

खाद्य सुरक्षा योजना में नए आवेदन के दौरान मिली कमी की पूर्ति के लिए 30 दिन का समय मिलेगा। सैंड बैक आवेदन में कमी को दूर नहीं करने पर एसडीएम आवेदन को अस्वीकृत कर सकते हैं। साथ ही किसी आवेदन को लेकर शंका होने पर अपीलीय अधिकारी जांच करा सकेंगे। आवेदन की पूरी जांच के बाद सही मिलने पर एसडीएम नाम जोड़ने को लेकर फैसला लेंगे। इसके साथ ही आवेदन में श्रेणी से जुड़े स्व-प्रमाणित दस्तावेज संलग्न नहीं होने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता हैं।

दिव्यांग संतान वाले वृद्ध दंपति को प्राथमिकता मिलेगी। पहले चरण के आवेदन शून्य होने के बाद ही दूसरे चरण में अन्य आवेदनों का निस्तारण करने का काम होगा। इसमें भी पहले आओ पहले पाओ के आधार पर निस्तारण होगा।

**विशेष निर्देश: ई-मित्र या क्षेत्र से ज्यादा आवेदन पर रहेगी विशेष नजर**

रसद विभाग ने खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने को लेकर विशेष निर्देश जारी किया हैं। इसमें एक ही ई-मित्र या एक ही क्षेत्र से ज्यादा आवेदन आने विशेष सावधानी के साथ जांच करने के बाद ही निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य सुरक्षा में शामिल होने वाले परिवारों को निशुल्क गेहूं, निशुल्क चिकित्सा सुविधाओं समेत विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलता हैं।

▶ खाद्य सुरक्षा पोर्टल अचानक बंद होने से अटके हुए आवेदनों में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने के निर्देश आए हैं। इसमें प्राधिकृत अधिकारी जांच करेंगे और उसके बाद निस्तारण किया जाएगा।

**- कपिल झाझड़िया, डीएसओ**

दैनिक भास्कर

चिड़ावा भास्कर 09-08-2024

**खाद्य सुरक्षा •** योजना में नाम जोड़ने के लिए दो चरणों में पूरी की जाएगी प्रक्रिया, एसडीएम होंगे प्राधिकृत अधिकारी

# नए नाम जोड़ने के आवेदनों का निस्तारण शुरू, पहले 11 श्रेणियों को तवज्जो

भास्कर संवाददाता | झुंझुनूं

खाद्य सुरक्षा योजना में नए नाम जोड़ने को लेकर खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग ने निर्देश जारी कर दिए। जिसके बाद गुरूवार से मिले आवेदनों के निस्तारण का काम शुरू कर दिया गया हैं। आवेदनों में से नए नाम जोड़ने के लिए दो चरणों की प्रक्रिया तय की गई हैं तथा इसके लिए उपखंड अधिकारियों को अधिकृत किया गया हैं। इसके साथ रसद विभाग ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के 11-11 प्राथमिकताएं तय की हैं। जिनके आधार पर नए नाम जुड़ेंगे। तय समय सीमा में इन आवेदनों का निपटारा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। निस्तारण के कार्य को लेकर कलेक्टर मॉनिटरिंग करेंगी और इसमें वे एडीएम व परिषद सीईओ का सहयोग ले सकते हैं। इससे पूर्व रसद विभाग ने एनएफएसए में शामिल परिवार की बेटियों के खाद्य सुरक्षा परिवार में विवाह होने पर नाम जोड़ने के निर्देश दिए थे। अब पात्र परिवारों के 0-18 साल तक के बच्चों के नाम भी जोड़ने के निर्देश दे दिए हैं।

**पहले 2022 तक जिले में जुड़े थे 40670 के नए नाम**

सरकारी योजनाओं के लाभ मिलने के कारण खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल होने के लिए काफी आवेदन होते हैं। जिले में 2020 से 2022 के बीच 40670 लोगो को योजना में जोड़ा गया था। खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र व्यक्तियों के नए नाम जोड़ने के लिए पोर्टल 1 अप्रैल 2022 से 30 अप्रैल 2022 तथा उसके बाद 13 मई 2022 को मध्यरात्रि से 28 मई 2022 मध्यरात्रि तक खोला गया था।

## प्राथमिकता: अंत्योदय, बीपीएल, व एकल महिला के आवेदन का पहले निस्तारण

खाद्य सुरक्षा योजना में नए सदस्य के आवेदन के निस्तारण को लेकर रसद विभाग प्रक्रिया तय कर दी हैं। पहले चरण में प्राथमिकता से पहले पाओ पहले पाओ के आधार पर 27 मई 2020 को जारी अधिसूचना के आधार पर करेंगे। इसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कैटेगरी तय कर की गई हैं। जिनमें अंत्योदय, बीपीएल परिवार, एकल महिला, कचरा बीनने वाले परिवार, कुष्ठ रोगी व रोग मुक्त, आस्था कार्डधारी, सिलिकोसिस पीड़ित, मल्टीपल डिसेबिलिटी वाले दिव्यांग, मंदबुद्धि, पालनहार लाभार्थी बच्चे, पालनहार परिवार, निसंतान वृद्ध दंपत्ति, केवल दिव्यांग संतान वाले वृद्ध दंपति को प्राथमिकता मिलेगी। पहले चरण के आवेदन शून्य होने के बाद ही दूसरे चरण में अन्य आवेदनों का निस्तारण करने का काम होगा। इसमें भी पहले आओ पहले पाओ के आधार पर निस्तारण होगा।

### जांच: आक्षेप दूर करने के लिए मिलेंगे 30 दिन

खाद्य सुरक्षा योजना में नए आवेदन के दौरान मिली कमी की पूर्ति के लिए 30 दिन का समय मिलेगा। सैंड बैक आवेदन में कमी को दूर नहीं करने पर एसडीएम आवेदन को अस्वीकृत कर सकते हैं। साथ ही किसी आवेदन को लेकर शंका होने पर अपीलीय अधिकारी जांच करा सकेंगे। आवेदन की पूरी जांच के बाद सही मिलने पर एसडीएम नाम जोड़ने को लेकर फैसला लेंगे। इसके साथ ही आवेदन में श्रेणी से जुड़े स्व-प्रमाणित दस्तावेज संलग्न नहीं होने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता हैं।

**विशेष निर्देश: ई-मित्र या क्षेत्र से ज्यादा आवेदन पर रहेगी विशेष नजर**

रसद विभाग ने खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने को लेकर विशेष निर्देश जारी किया हैं। इसमें एक ही ई-मित्र या एक ही क्षेत्र से ज्यादा आवेदन आने विशेष सावधानी के साथ जांच करने के बाद ही निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

खाद्य सुरक्षा में शामिल होने वाले परिवारों को निशुल्क गेहूं, निशुल्क चिकित्सा सुविधाओं समेत विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलता हैं।

▶ खाद्य सुरक्षा पोर्टल अचानक बंद होने से अटके हुए आवेदनों में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने के निर्देश आए हैं। इसमें प्राधिकृत अधिकारी जांच करेंगे और उसके बाद निस्तारण किया जाएगा।
**- कपिल झाझड़िया, डीएसओ**

# लिपिक ग्रेड-II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 11 अगस्त को होने वाली लिपिक ग्रेड-II/ कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा के लिए जिला कलेक्ट्रेट में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। परीक्षा दो पारियों में प्रथम पारी प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय पारी दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक जयपुर शहर के 84 केन्द्रों पर होगा। परीक्षा में कुल 23 हजार 907 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। कलेक्ट्रेट के कमरा नम्बर 116 में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।

दैनिक भास्कर

चुरू 09-08-2024

# शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 20 अगस्त से होगी

भास्कर संवाददाता | चूरू

शिक्षा निदेशालय ने 7 अगस्त को स्कूल, जिला एवं राज्य स्तरीय 17 एवं 19 आयुवर्ग के विद्यार्थियों की स्कूली खेल प्रतियोगिता की तारीखें घोषित कर दी हैं। जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिताएं 20 अगस्त से होंगी। ये प्रतियोगिताएं चार समूह में होंगी। अंतिम समूह में एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं होंगी।

डीईओ मा. के डिप्टी डीईओ (शाशि) रामूराम ने बताया कि जिला स्तर की पहले समूह की प्रतियोगिताएं 20 से 24 अगस्त तक होंगी। इसमें फुटबॉल, कबड्डी, टेबल टेनिस, जूडो, कुश्ती, शतरंज, कराते, सेपक टकरा, ताइक्वांडो एवं साइक्लिंग ट्रैक के मुकाबले होंगी। इसी प्रकार दूसरे समूह की 27 से 31 अगस्त तक होगी, जिसमें खो-खो, तैराकी, बैडमिंटन, बास्केटबाल, हैंडबाल, बॉक्सिंग, योगा, वुशु, रोलर स्केटिंग, लॉन टेनिस की स्पर्धाएं होगी।

तीसरे समूह की 6 से 10 सितंबर तक होगी, इसमें क्रिकेट, वालीबॉल, जिम्नास्टिक्स, वेट लिफ्टिंग, राइफल शूटिंग, सॉफ्टबॉल, नेटबॉल, मलखंभ, तीरदांजी, साइक्लिंग के मुकाबले होंगे। अंतिम चरण में 17 से 21 सितंबर तक एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं होंगी। इन प्रतियोगिताओं में 17 एवं 19 आयुवर्ग के छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे। डिप्टी डीईओ ने बताया कि जिला स्तर एवं राज्यस्तरीय प्रतियोगिता की तारीख एक होने के कारण तारीख में संशोधन के लिए निदेशालय को प्रस्ताव भेजा गया है।

दैनिक भास्कर
बाड़मेर भास्कर 09-08-2024

# प्री बीपीएड व प्री एमपीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 10 अगस्त तक होंगे

बाड़मेर | वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय प्री बीपीएड और प्री एमपीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 10 अगस्त तक किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा सात संभाग मुख्यालयों पर होगी। शारीरिक दक्षता परीक्षण कोटा और उदयपुर में होगा। यह प्रवेश परीक्षा 100 अंकों की होगी । आवेदन करते समय अभ्यर्थी को प्रश्न पत्र की भाषा हिन्दी अथवा अंग्रेजी दोनों में से किसी एक का चयन करना होगा। अभ्यर्थी को प्रश्न पत्र दोनों भाषाओं में देय नहीं होगा। यह प्रवेश परीक्षा 90 मिनट होगी । गलत उत्तर के लिए कोई नम्बर नहीं काटा जाएगा।

# इंडियन ऑयल में 19 अगस्त तक लिए जाएंगे अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन

बाड़मेर | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने ट्रेड, टेक्नीशियन और ग्रेजुएट अपरेंटिस के लिए आवेदन मांगे हैं। उम्मीदवार इंडियन ऑयल की आधिकारिक वेबसाइट iocl.com. पर जाकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। अपरेंटिस पदों पर आवेदन के लिए कोई शुल्क नहीं है। आईटीआई, डिप्लोमा या डिग्री जैसी शैक्षिक योग्यता करनी होंगी।

# भारत ने हॉकी में बरकरार रखा कांस्य

## स्पेन को 2-1 से हराया, हरमनप्रीत ने किए दोनों गोल

**पेरिस।** भारतीय हॉकी टीम ने गुरुवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीत लिया। भारत ने कप्तान हरमनप्रीत के शानदार दो गोलों की बदौलत स्पेन को 2-1 से पराजित किया। भारत ने पिछले टोक्यो ओलंपिक खेलों में भी कांस्य पदक जीता था। जीत के साथ ही गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने संन्यास लेने की घोषणा कर दी। ओलंपिक हॉकी में यह भारत का 13वां पदक है। भारत ने अब तक ओलंपिक हॉकी में 8 स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं। भारत ने 52 साल बाद लगातार दो ओलंपिक खेलों में हॉकी में पदक जीता है। इससे पहले 1968 और 1972 के ओलंपिक खेलों में भी भारत ने लगातार हॉकी में पदक जीता था।

### अमन आज कांस्य के लिए लड़ेगा

भारतीय पहलवान अमन सहरावत 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती के सेमीफाइनल में जापान के शीर्ष वरीयता प्राप्त री हिगुची से हार गए। वह शुक्रवार को कांस्य के लिए लड़ेंगे।




### प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री ने दी हॉकी टीम को बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेरिस ओलंपिक 2024 में हॉकी प्रतिस्पर्धा में स्पेन को परास्त कर कांस्य पदक जीतने पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के समस्त ऊर्जावान खिलाड़ियों को ह्रदयतल से बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सीएम ने कहा कि अथक परिश्रम और असाधारण खेल कौशल से प्राप्त भारतीय टीम की इस शानदार विजय ने राष्ट्र को वैश्विक पटल पर पुनः गौरवान्वित किया है, हमें आप पर गर्व है।



## स्वर्ण से चूके नीरज, रजत पर करना पड़ा संतोष

### पाकिस्तान के नदीम ने जीता स्वर्ण पदक

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा गोल्ड से चूक गए। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर फेंक कर गोल्ड पर कब्जा जमाया। नीरज चोपड़ा ने दूसरे प्रयास में इस सीजन का अपना बेस्ट 89.45 मीटर भाला फेंका। नीरज को रजत पदक पर ही संतोष करना पड़ा। नीरज ने 2 दिन पहले क्वालिफिकेशन में पहले प्रयास में 89.34 मीटर भाला फेंक फाइनल में प्रवेश किया था और पहले स्थान पर रहे थे। भारत को उनसे गोल्ड मेडल की उम्मीद थी। ग्रेनडा के एंडरसन पीटर्स 88.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे।